नकली सिगरेट की फैक्ट्री में मारा छापा, टाइगर मोबाइल के सिपाहियों ने वसूले 3 लाख, एक आरोपी गिरफ्तार

बिहार के बेगूसराय में नकली सिगरेट फैक्ट्री पर छापेमारी के बाद पूरे परिवार को फंसाने की धमकी देकर 3 लाख रुपये की वसूली की गई. इस मामले में पुलिस ने टाइगर मोबाइल के जवान अमन कुमार को गिरफ्तार किया है, जबकि दूसरे सिपाही के घर से वसूली के 3 लाख रुपये बरामद कर लिए गए. इस दौरान दूसरा सिपाही भाग निकला. यह पूरी घटना नगर थाना क्षेत्र की है.

Source: https://www.aajtak.in/bihar/story/begusarai-fake-cigarette-case-tiger-mobile-constable-arrested-for-extortion-lcla-strc-2552661-2026-05-15